तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



14 कारगिल विजय दिवस पर चित्रकला, आर्ट एंड...



14 मुख्य मार्ग पर मवेशियों के जमावड़े से हो रहे ...




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### रसोइया संघ का तीन दिनी धरना कल से



**कांकेर।** छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ जिला इकाई द्वारा प्रांतीय आव्हान पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत रसोईया 28 से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के लिए जिला मुख्यालय के मेलाभाटा मैदान में धरना प्रदर्शन करेंगे। रसोईया प्रदर्शन की तैयारी में जुट गए है व टेंट लगवा रहें हैं। अंतिम दिवस रैली निकालकर तीन सूत्रीय मांगों के संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। मांगों में प्रमुख रूप से रसोईया को कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक दिया जाए, 50 प्रतिशत घोषणा लागू किया जाए व रसोईयों को काम से निकालना बंद किया जाए।

### ग्रामीण का शव कुएं से बरामद, विवेचना जारी

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत मेचानार निवासी 45 वर्षीय महादेव कश्यप का पानी में डूबने से मौत हो गया। मेचानार निवासी 65 वर्षीय दानूराम उसेंडी ने पुलिस को बताया कि 23 जुलाई को मृतक मेचानार का बाजार गया था। वह रात तक वापस नही आया। अगले दिन खेत तरफ गया तो खेत के कुआ में मृतक डूबा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### मौसम : प्रदेश के अन्य जिलों सहित कांकेर में भी यलो अलर्ट जारी

# झमाझम बारिश से बरसाती नाले उफान पर आवागमन बाधित, डूबने से एक की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल/चारामा

मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है और बीती रात को हुई झमाझम बारिश से अंदरूनी ईलाकों के नाले उफान पर चढ़ गए, जिससे कई गांव का संपर्क टूट गया। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दो से तीन दिनों में भारी बारिश हो सकती है।

- बीती रात से लगातार हो रही बारिश से पड़गाल नाला में बाढ़, आवागमन बंद
- चारामा में भांचा को बचाने वाले चाचा की डूबने से हुई मौत

प्रदेश के 30 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें कांकेर भी शामिल है। जिले के सभी तहसीलों में बीती रात को हुई झमाझम बारिश से खेतों पर पानी भर गया है और नदी नाले उफान मारने लगे है। मौसम विभाग के अनुसार, तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के पास बना अवदाब अब पश्चिम-उत्तर पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से छत्तीसगढ़ में नमी युक्त हवा का प्रवाह तेज हुआ है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय परिसंचरण उत्तर छत्तीसगढ़ में सक्रिय है और मानसून द्रोणिका जम्मू से होते हुए बांग्लादेश तक फैली हुई है। इससे राज्य भर में बारिश की स्थितियां बनी और बीती रात से झमाझम बारिश हो रही है। बीती रात अंचल में जोर की बारिश हुई। रातभर हुई तेज बारिश से ऐसा लग रहा था मानो बादल फट गया हो। सुबह होते ही कुछ समय के लिए बारिश थमी और दोपहर 1 बजें तक रूक रूककर बारिश का सिलसिला चलता रहा। आज लोग अपने दैनिक काम में जाने के लिए परेशान होते रहें। जिला प्रशासन ने बताया कि मानसून के दौरान वर्षा की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और मौसम के अनुसार किसानों को उचित सलाह दी जा रही है।





### गिरहोला नदी में डूबने से मछुआरे की मौत



**चारामा।** नगर पंचायत चारामा से लगे गिरहोला नदी में शनिवार 26 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे अपने भांचा योगेश को बचाने चाचा कांशीराम कोसारिया भांचा को बचा लिया, परंतु स्वंय के डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा कि वार्ड क्रमांक 08 के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए नदी में आते रहते है। मृतक वार्ड क्रमाक 08 दुर्गा मंदिर के पास का निवासी 45 वर्षीय कांशीराम कोसारिया मछली पकड़ने के लिए नदी में पहुँचा था। नदी में भांचा को डूबते हुए देख मृतक नदी में कूदा और भांचा को बचाते हुए नदी के किनारे लाया, परंतु अचानक मृतक कांशीराम नदी में डूबने लगा, इस पर प्रत्यक्षदर्शियों ने बतायाकि मृतक रेनकोट पहने हुआ था और उसी के कारण फंसने से अपने आपको नहीं बचा पाया और डूबने के दौरान अन्य मछुआरे बचाने के लिए पहुँचे, तब तक उसकी मौत हो गई थी। मछुआरों ने नदी से बाहर निकाला और घटना की जानकारी पूर्व पार्षद धर्मेंद्र सोनकर के साथ पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस ने पहुँचकर घटना के बारे में जानकारी लिया और शव का पंचनामा तैयार करके पीएम के लिए मरचुरी पहुँचाया। पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। घटना से पूरे वार्ड का माहौल गमगीन हो गया।

### पड़गाल नाला उफान पर, आवागमन बाधित

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के अंतर्गत ग्राम भुसकी में सड़कपारा और स्कूल पारा के बीच पड़गाल नाला में बाढ़ के कारण 26 जुलाई के सुबह से ही आवागमन बंद है। पड़गाल नाला में बाढ़ के कारण स्कूली बच्चें और शिक्षक स्कूल नही जा पाए। ग्राम भुसकी से खेड़ेगाँव, करकझार और स्कूलपारा भुसकी के ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों का रोज आना जाना होता है और मात्र एक ही मार्ग है, जो ब्लॉक मुख्यालय दुर्गुकोंदल को जोड़ती है। यहाँ से कई बच्चें दुर्गुकोंदल पढ़ने जातें हैं और दुर्गुकोंदल से शिक्षक पढ़ाने आते है। बीती रात को हुई झमाझम बारिश से आवागमन प्रभावित हो गया है। भुसकी स्कूलपारा निवासी बृजलाल दुग्गा को निजी काम से दुर्गुकोंदल जाना था, इसलिए जान जोखिम में डाल कर नदी पार कर रहा था व तेज बाहव के कारण नदी में बहते- बहते बचा। इस बात की जानकारी मिलते ही सरपंच मुकेश गावड़े ने नदी में पहुंचकर ग्रामीणों को नदी पार करने से मना किया और सावधान रहने को कहा। सरपंच ने कहा कि पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है। आज से लगभग 10-11 साल पहले इसी नदी में एक महिला की बहने से मौत हो गई थी।

# अंजारी-माचपल्ली मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान, पुलिया निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजारी से माचपल्ली को जोड़ने वाला मार्ग इन दिनों ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। लगातार हो रहे बारिश के कारण इस मार्ग पर कई स्थानों पर पानी भर गया है, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। सबसे गंभीर समस्या पुलिया का न होना है।



ग्रामीणों को अपने दैनिक कार्यों के लिए भी इस जलमग्न मार्ग से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं। ग्रामीण राजेश नुरेटी, मानसाय दुग्गा, धनी राम व रमेश अचला ने कहा की हर साल बारिश के मौसम में उन्हें इसी परेशानी से गुजरना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार अंजारी से माचपल्ली मार्ग कई गांवों को आपस में जोड़ता है। इस मार्ग पर जलभराव के कारण न सिर्फ स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है, बल्कि बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने में भी भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। किसानों को अपनी उपज सब्जी भाजी को बाजार तक ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। ग्रामीण रवि दर्रो व सियाराम बघेल ने कहा पुलिया न होने के कारण जब नदी में पानी का स्तर बढ़ जाता है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बच्चों को स्कूल भेजने में डर लगता है और हमें अपने खेतों तक पहुंचने में भी भारी परेशानी होती है। आपात स्थिति में भी इस मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। अगर कोई बीमार हो जाए, तो एंबुलेंस का आना भी मुश्किल हो जाता है। उन्हें घंटों पानी कम होने ▶▶| शेष पेज 12 पर

# सशिमं के खुले परिसर पर सुरक्षा को लेकर पालकों ने चिंता जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सरस्वती शिशु मंदिर भानुप्रतापपुर में शुक्रवार को नर्सरी कक्षा के पालकों की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें सभी पालकों ने खुला मैदान होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त किया। आयोजित बैठक में पालक लता रानी यादव ने विगत समय कांकेर में आंगनबाड़ी की घटना को याद करते हुए बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने व आने-जाने तक सावधानी बरतने की सलाह दिया। पालक ज्योति कोसमा ने विद्यालय में आवश्यकतानुसार छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। पालक तेज कुमार ने कहा कि नर्सरी कक्षा के बच्चों के ऊपर पढ़ाई का बोझ न डालकर उसे विद्यालय के वातावरण में समावेश कर खेल-खेल में शिक्षा देने की बात कही। पालक निधि साहू ने कहा कि सभी बच्चों के साथ समान रूप से गतिविधि कराई जानी चाहिए, एक-एक बच्चों को सामने लाकर उनके अंदर भय को दूर किया जा सकता है। बैठक में पालकों की अच्छी उपस्थिति रही। सभी पालकों ने विद्यालय की पढ़ाई एवं व्यवस्था की सराहना करते हुए संतोष व्यक्त किया। शिशु वाटिका प्रमुख बिसंतीन बसेरा, सुनीता साहू, भावना सिन्हा के नेतृत्व में बैठक आयोजित किया गया। पालक सुनीता साहू ▶▶| शेष पेज 12 पर

# राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर ट्रक ने बाइक को ठोका, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मचांदुर नाका के पास ट्रक के चालक ने लापरवाही बरतते हुए बाईक को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें बाईक चालक की मौत हो गई, वहीं अन्य घायल है। शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ट्रक चालक ठोकर मारकर भाग गया था, जिसे नाका में तैनात नगर सैनिकों ने पीछा करते हुए टोल नाका के पास दबोचा और थाना लाया।

थाना चारामा में शिकायत करने पहुंचे ग्राम तेलगुड़ा निवासी द्वारिका नागवंशी पिता मंगतू नागवंशी ने पुलिस को बताया कि मेरे छोटा बेटा किशन कुमार नागवंशी 25 जुलाई को अपने साथी लक्ष्मण निषाद एवं मुन्नू पोया के साथ लक्ष्मण निषाद की बहन को तीजा लेने के लिए अपनी मोटर सायकल सीजी 19 बीएन 8771 से ग्राम सलाईटोला डोंगरगांव गए थे। बीती रात करीबन 1 बजें फोन से जानकारी मिली कि मेरा बेटा किशन कुमार नागवंशी व उनके साथी लक्ष्मण निषाद एवं मुन्नू पोया का ग्राम सलाई टोला डोंगरगांव से मोटर सायकल से घर वापिस आ रहें थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग मचांदुर नाका के पास कांकेर की ओर से विपरीत दिशा से आ रही ट्रक वाहन कमांक यूपी 21 ईटी 7113 के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर ▶▶| शेष पेज 12 पर





### प्रिंसिपल ने देशभक्ति, साहस और निस्वार्थ सेवा को आत्मसात करने की प्रेरणा दी

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों के शौर्य और बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया, जिसमें देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। यह समारोह 1999 के कारगिल युद्ध में राष्ट्र की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों को समर्पित था। इस गरिमामय अवसर पर भारतीय नौसेना के प्रतिष्ठित अधिकारी कैप्टन संजय शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। मुख्य अतिथि ने कारगिल युद्ध के दौरान के अपने अविस्मरणीय अनुभवों को साझा किया और बताया कि कैसे भारतीय सेना ने विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। उन्होंने भारतीय सेना के जवानों के अद्वितीय त्याग, अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की हृदय से सराहना किया। उन्होंने युवा पीढ़ी को देश सेवा के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक अपने-अपने क्षेत्र में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करके राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण ▶▶| शेष पेज 12 पर

- ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करना राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान






### देशभक्ति के रंग से सराबोर रहा

कार्यक्रम में स्कूल के संगीत विभाग और प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के समूह द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मीनाक्षी कुलदीप और आकांक्षा पांडे के मार्गदर्शन में भारतीय सेना की विभिन्न रेजीमेंटों पर आधारित एक मनमोहक लघु नाटिका प्रस्तुत किया। उनकी मासूमियत और अभिनय ने सभी का दिल जीत लियाए साथ ही यह प्रस्तुति बच्चों में बचपन से ही देशप्रेम की भावना जागृत करने का एक सराहनीय प्रयास था। छात्रा मौसमी और रोशनी ने अपने ओजस्वी भाषणों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कारगिल युद्ध के महत्व, सैनिकों के बलिदान और देश के प्रति अपने कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग की शिक्षिका मोनामी दास और राहुल गोगोई ने किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली उद्घोषणा से पूरे समारोह में गरिमा और उत्साह बनाए रखा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

# मयूर डोंगर विद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में कारगिल विजय दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें को कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक विजय के बारे में जानकारी देना और भारतीय सैनिकों के बलिदान और शौर्य से परिचित कराना था।

### कारगिल शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कैप्टन विक्रम बत्र, मेजर मनोज कुमार पांडे, ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव जैसे वीर सैनिकों की वीरता की गाथा सुनाई, जिससे छात्रएं गर्व और प्रेरणा से भर उठीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रें को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शिक्षा दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, भक्तों एवं प्रतिभागी छात्रओं का आभार व्यक्त किया गया।

### मौजूद रहे यह

कार्यक्रम में प्राचार्य मुकेश सैमसंन,वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद खान, यशवंत देवांगन,व्याख्याता हेमंत देहरी, श्रीमती रीता प्रधान, कुमारी दुलेश्वरी दर्रो, सुषमा पात्र, श्रीमती कश्यप, प्रमानंद बैद्य, भारत देवांगन सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायक वक्तव्यों और छात्राओं की सहभागिता से कार्यक्रम बना अविस्मरणीय

### भूतपूर्व सैनिकों और अतिथियों ने दिया प्रेरणादायक संबोधन

इस अवसर पर आमंत्रित भूतपूर्व सैनिकों और समाजसेवियों भक्तों ने छात्रओं को कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक प्रसंग, सैनिकों के संघर्ष, शौर्य और समर्पण के किस्सों से अवगत कराया। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार विषम परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को मात दी और भारत का तिरंगा फिर से फहराया।



**देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम**

कार्यक्रम में छात्रओं ने देशभक्ति गीत, कविता पाठ, और भाषण प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रओं को प्रेरणास्पद बातें बताई और देश सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## बच्चों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता और भाषण प्रस्तुत कर मन को मोहा

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकोंने वीरता व पराक्रम का किया यशोगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी को किया नमन

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके उपरांत कारगिल शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के बाद राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात, पूर्व सैनिकों ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का संगठन गीत गाकर देशभक्ति की भावना को सजीव किया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की शौर्य गाथा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वीर जवानों के अदम्य साहस को नमन किया।



**वरिष्ठ पूर्व सैनिकों का सम्मान**



समारोह में वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, ब्लॉकों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों, मातृशक्तियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों और पदाधिकारियों ने दी गरिमामयी उपस्थिति।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के बच्चों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से भर गया।

### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

सुब्रत साहा संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी,,सूरज यादव जिलाध्यक्ष, अजनेर लकड़ा उपाध्यक्ष, उमेश साहू सचिव, सोमेश्वर भारती कोषाध्यक्ष, कमलेश्वर धुर्व मीडिया प्रभारी, रवि ठाकुर सह सचिव, आसमन मंडावी केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष, रिकेश कुँवर फरसगांव ब्लॉक सचिव, रुपउ राम नेताम बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष, मातृशक्ति संगठन की सक्रिय सहभागिता मातृशक्ति संगठन कोंडागांव की अध्यक्ष श्रीमती चाँदनी कोर्राम, उपाध्यक्ष श्रीमती सपना नंदी, सह सचिव आकांक्षा तिवारी तथा अन्य मातृशक्तियाँ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला, गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

मामूली बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल को गंभीर हालत में उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय बांसपारा निवासी यशराज राव गुरूखेल्ले पिता गोलू उम्र 19 वर्ष गुरुवार की रात्रि मोहल्ले के करणराव जाधव पिता मारूतिराव उम्र 22 वर्ष के साथ बाइक से सामान खरीदने सुलभ चौक के पास स्थित दुकान गया था जहां से सामान खरीदकर वापस मोहल्ले के नंदी चौक पहुंचा था। इसी दौरान उनके पीछे अपने दोस्त के साथ बाइक से आ रहा मोहल्ले का मयंक यादव उर्फ बबलू साइड से कट मारकर आगे निकल गया। यह देख यशराज ने ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। जिसे सुन मयंक नंदी चौक के पास रूककर यशराज से गाली-गलौज करने लगा। यशराज द्वारा गाली देने से मना करने पर मयंक यादव ने अपने पास रखे धारदार चाकू से यशराज के सीने पर बायीं तरफ प्राणघातक वार कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसके साथियों ने तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्यों की बैठक 27 को

**सांकरा।** नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 27 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें संघ की गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में प्रांताध्यक्ष सोमनाथ तारक विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवीचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 27 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की मासिक बैठक 27 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया है कि बैठक में प्रदेश स्तर पर 16 जून से चल रहे आंदोलन के संबंध में चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नुतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष डामन सिन्हा, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक एवं मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण 28 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

### चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** तालाबपार में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम भेंडसर के शीतला मंदिर तालाबपार में एक युवक द्वारा धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां टुकेश यादव पिता चंदूलाल उम्र 22 वर्ष ग्राम भेंडसर थाना भखारा निवासी को हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर लहराते हुए पाया गया। पुलिस को देख युवक बचने के लिए अपने घर में छिप गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी टुकेश यादव को उसके घर से ही पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से डेढ़ फीट लंबा धारदार चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भखारा थाना में आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी टुकेश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## निधन

### हाजी नज़रुद्दीन खान

**कोण्डागांव।** सरगी पलट पारा निवासी, रिटायर्ड सब इंजीनियर मोहतरम हाजी नज़रुद्दीन खान साहब का आज निधन हो गया। यह खबर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



हाजी नजरुद्दीन खान साहब एक नेकदिल, मिलनसार और समाजसेवी शख्सियत थे। सेवा निवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते रहे। वे नमाज के पाबंद, शरीअत के सच्चे पैरोकार और एक अच्छे इंसान थे। उनका व्यवहार हमेशा सरल, सच्चा और इंसानियत से लबरेज़ रहा। उन्होंने अपने पूरे जीवन में सादगी, परहेज़गारी और सेवा को अपना मूल मंत्र बनाए रखा।

# फर्जी शिक्षाकर्मी भर्ती मामले में एक की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले में एक आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी की अदालत में चल रहा है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए दलील पेश की थी। शासकीय अधिवक्ता मनोहर लाल क्षत्री ने जमानत पर आपत्ति पेश की थी।

आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने बताया कि यह मामला 17 साल पुराना है। वर्ष 2007 में जनपद पंचायत मगरलोड में 172 शिक्षाकर्मियों की भर्ती की गई थी, जिसमें गलत तरीके से और फर्जी, अमान्य दस्तावेजों पर अंक देकर अपात्रों की भर्ती की गई है। जांच में 142 भर्तियां गलत पाई गई हैं। एक मामले में एसटीएसी वर्ग के दो युवकों का अंक कम कर उन्हें शासकीय नौकरी से वंचित किया गया है, जिसके चलते आरोपियों पर एसटीएसी एक्ट के तहत भी धारा लगाई गई है। एक मामले में शिक्षाकर्मी लता साहू पर आरोप है कि उसने फिंगेश्वर के जिस स्कूल से एक साल का अनुभव प्रमाण पत्र पेश किया है, वह फर्जी है। वह जनभागीदारी स्कूल ही नहीं है। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसे 5 अंक दिया गया था। इस मामले में लता साहू के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए दलील पेश की थी जिसे निरस्त कर दिया गया है।

### सिर्फ एक आरोपी गिरफ्तार

आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने बताया कि इस मामले में तत्कालीन जनपद सीईओ, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, चयन कमेटी के सदस्य, चयनित शिक्षाकर्मी सहित 105 आरोपी हैं। समय पर जांच और कार्रवाई नहीं हुई। इनमें से 16 आरोपियों का निधन हो चुका है।

## सशिमं में हरेली पर्व पर हुई कृषि औजारों की पूजा

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा में छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक पर्व हरेली तिहार मनाया गया। इस अवसर पर कृषि औजारों की विशेष पूजा-अर्चना की गई । गेड़ी दौड़ का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर छत्तीसगढ़ी पकवान गुलगुल भजिया, अइरसा, ठेठरी-खुरमी और शक्करपारा का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू वरिष्ठ आचार्य ने बताया कि हरेली छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण लोकपर्व है। यह पर्व प्राचीन काल से ही कृषि प्रधान समाज का अभिन्न अंग रहा है। हरेली शब्द हरियाली से बना है, जो प्रकृति की समृद्धि और जीवन के नवसंचार का प्रतीक है। इस दिन किसान अपनी मेहनत के बाद प्रकृति और कृषि उपकरणों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। अपने कृषि औजारों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा करते हैं, पशुधन का सम्मान करते हैं और धरती माता से अच्छी फसल व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

# मोदी, साय सरकार में छग के मछुआरों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : मटियारा

- मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने ली बैठक, समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनः भरत मटियारा को मछुआ कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद अध्यक्ष भरत मटियारा पूरे प्रदेश के जिलावार मछुआरों की बैठक कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का आदेश दे रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में वे धमतरी आए और बैठक ली। इस दौरान नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग छग शासन, श्रीमती रीता यादव अपर कलेक्टर, रामचरण कोर्राम, अविनाश दुबे जिला महामंत्री भाजपा, पवन गजपाल अध्यक्ष शहर मंडल, कृष्णा हिरवानी पूर्व डायरेक्टर छग मत्स्य महासंघ थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मटियारा ने कहा कि आज हम सभी को सक्रिय एवं जागरूक होने की जरूरत है। केंद्र शासन व राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। आगे कहा कि मछुआरों के हित में मोदी व साय सरकार द्वारा महती योजनाएं बनाई जा रही हैं। श्री मटियारा ने बताया कि देश की आजादी के बाद यह पहली सरकार है जिन्होंने मछुआरों के लिए 20 हजार 500 करोड़ की राशि एक ही बार में दी है। नेहरू निषाद ने कहा कि आज मछुआरों को वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन करने की जरूरत है। श्री निषाद ने बताया कि ग्राम देमार में एशिया का सबसे बड़ा फिश हैचरी है जिसमें मछुआरों के लिए अपार संभावनाएं हैं। कृष्णा हिरवानी ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा मछुआरों के हित में नई योजना लागू की जी रही है जिसमें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सहयोजना महत्वपूर्ण है। बैठक में मत्स्य अधिकारी मुकेश राघव, लोकेश लावत्रे, श्रीमती सुमन, श्रीमती प्रियंका सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### अंजारी-माचपल्ली मार्ग...

का इंतजार करना पड़ता है। इस समस्या का मूल कारण मार्ग पर आवश्यक पुलियाओं का अभाव है। यह मार्ग क्षेत्र के कई गांवों के लिए जीवन रेखा के समान है और इस पर आवागमन बाधित होने से ग्रामीणों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों की परेशानी और भी बढ़ सकती है। स्थानीय प्रशासन को इस मानवीय समस्या पर गंभीरता से विचार करते हुए त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि अंजारी और माचपल्ली के बीच सुगम आवागमन बहाल हो सके।

### सशिमं के खुले...

ने अरुण -उदय कक्षा में बच्चों की शैक्षणिक गतिविधि से संबंधित 12 आयाम के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

प्राचार्य थानू राम सिन्हा ने बैठक में पालकों के द्वारा दिए गए सुझाव का सकारात्मक समाधान करते हुए कहा कि बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए संकल्पित हैं तथा भानुप्रतापपुर विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाने के लिए सब मिलकर कार्य करते रहेंगे। पालकों की जो चिंता है, वो हमारी चिंता है, आने वाले समय में इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 30...

देने से मेरे बेटे किशन कुमार नागवंशी का मौके पर मौत हो गया तथा उसके साथी लक्ष्मण निषाद व मुन्नू पोया गंभीर रूप से घायल हो गए। मेरे बेटे किशन कुमार नागवंशी की मौत वाहन ट्रक क्रमांक यूपी 21 ईटी 7113 के चालक द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से हुई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक यूपी 21 ईटी 7113 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 125 (बी), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### कारगिल विजय दिवस...

योगदान दे सकता है। इस अवसर पर आईआईटी मद्रास के एस्पिरेंट्स सर्टिफिकेट कोर्स धारकों को मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और अथक परिश्रम का सम्मान था। विद्यालय के प्राचार्य रितेश चौबे ने कैप्टन विक्रम बत्रा के बारे में बताते हुए कहा कि वे दिल मांगे मोर के नारे के साथ दुश्मनों को धूल चटाई और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, साहस और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित कियाए ताकि वे भविष्य के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

## जीवन का कारवां खत्म होने से पहले जीवन को सफल बनाना है : प्रशम सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में

- पार्श्वनाथ जिनालय में संतों का प्रवचन सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

संतों का प्रवचन जारी है। प्रशम सागर मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि जब जीवन में बचपना होता है तब-तब खिलाते हैं और आनंद की अनुभूति करते हैं। बचपन उस खिले हुए फूल की तरह होता है जो सबको अपनी ओर आकर्षित करता है। जीवन में जब जवानी आएगी तो सारा जमाना तेरी तारीफ करेगा। तेरी फूल जैसी काया को देखकर हर कोई तुझे मनाने का, लुभाने का प्रयास करेगा। तेरे निकट आने का प्रयास करेगा। जीवन में जब बुढ़ापा आएगा तो अपने भी पराए हो जाएंगे। जो बचपन और जवानी में तेरे निकट रहे हैं, जो तुझे अपना मानते थे। बुढ़ापा आने पर वे सब दूर हो जाएंगे।

उन्होंने आगे कहा कि जीवन का



कारवां खत्म होने से पहले जीवन को सफल बनाना है। अवसर चूकने के बाद कोई साथ नहीं रहता। तेरे कदम साहस के साथ जब सफलता की ओर बढ़ेंगे तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। चातुर्मास काल में जिनवाणी के माध्यम से आत्मा को सजाने का प्रयास करना है। परमात्मा की वाणी की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पहले उन्होंने अपने जीवन में उतारा है फिर हमें वैसे ही जीवन जीने को कहा है। अर्थात परमात्मा ने परम सुख की प्राप्ति पहले स्वयं की फिर हमें उस मार्ग को बताया है। जीवन में अगर मन कमजोर हो जाए तो पूरा शरीर उससे प्रभावित हो जाता है।

## महापौर से मरम्मत संधारण मद के कार्यादेश को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी



नगरपालिक निगम के चार स्वतंत्र पार्षद प्रकाश सिन्हा, मदन नेवारे, कुशल लोढ़ा, रामेश्वर वर्मा ने महापौर से मिलकर मरम्मत संधारण मद के कार्यादेश को निरस्त कर सभी वार्डों में बराबर राशि बांटने का आग्रह किया है।

पार्षदों ने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि निगम द्वारा 2025-26 में मरम्मत संधारण मद अंतर्गत जोन क्र. 2 वार्ड क्र. 11 से 20 तक सड़क, पुल पुलिया, नाली, उद्यान भवन निर्माण, पाइप लाइन मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था कार्य के लिए 21 जुलाई को कार्यादेश जारी किया गया है। इस कार्यादेश में स्वतंत्र पार्षदों के वार्ड पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, टिकरापारा, रामपुर, औद्योगिक वार्ड के लिए स्वीकृति नहीं दी गई है। इसके अलावा अन्य आठ वार्डों को भी शामिल नहीं किया गया है। मद के अभाव में आवश्यक कार्य रूका हुआ है। मद वितरण में असमानता प्रदर्शित हो रहा है। स्वतंत्र पार्षदों ने महापौर से मांग की है कि कार्यादेश को निरस्त कर सभी वार्डों में विभाजन किया जाए। इसके लिए नई निविदा जारी की जाए। पार्षदों ने कहा कि चुनाव के बाद पहली बार यह कार्यादेश जारी हुआ है। आयुक्त ने पार्षदों से कार्य मंगाया था। महापौर ने आश्वस्त किया कि किसी अन्य फंड से उनके वार्डों में विकास कार्य कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैठक की डा. ठाकुर ने ली

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरसी ठाकुर के अध्यक्षता द्वारा मासिक बैठक की समीक्षा जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ ओपी शंखवार, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ सुनील कुमार सोनी, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ केके ध्रुव, डीपीएम रोहित वर्मा, एनसीडी कंसलटेंट डॉ योगेश प्रजापति, डीपीसी सनत पटेल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुर्गुकोंदल से बीएमओ डॉ चन्दन बैरागी, बीईटीओ कमला सोनवानी व समस्त सुपरवाईजर एवं सभी कर्मचारियों के उपस्थिति में सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। सभी कर्मचारियों को आधार बेस्ड अटेंडेंस एवं 100 प्रतिशत ऑनलाइन एंट्री के लिए सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया और विशेष रूप मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य के बारे में मौसमी बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया।

### मानसिक रोगी ने की आत्महत्या, जांच जारी

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 1 रामनगर निवासी 25 वर्षीय विपल्व दत्ता ने अज्ञात कारणो के चलते 25 जुलाई को शाम साढ़े 4 बजें फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। रामनगर निवासी 35 वर्षीय विकास स्वर्णकार ने पुलिस को बताया कि मृतक का दिमागी हालट कुछ महिनों से ठीक नही थ। कुसुम झाड़ में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा आत्महत्या करने के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत बरैबेड़ा निवासी 13 वर्षीय साहिल उइके ने किराया के मकान में फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बरैबेड़ा निवासी 30 वर्षीय अनिल उइके ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई को मृतक ने बाथरूम से गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगकर आत्महत्या कर लिया। नाबालिग ने फांसी क्यो लगाया, यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### इनरव्हील क्लब ने सामाजिक कार्यकर्ता ट्री मेन को किया सम्मानित

**जगदलपुर।** प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय पहल करते हुए वृक्षमित्र बनाकर उनके माध्यम से वृक्षारोपण में सामाजिक कार्यकर्ता सम्पत झा विशेष योगदान दे रहे हैं । निरंतर वृक्षारोपण के समर्थन और सफलता से पौधे अब पेड़ बन गए हैं। पर्यावरण संरक्षण मे उल्लेखनीय कार्य करने के कारण पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता संपत झा को बस्तर का ट्री मेन कहा जाता है ।

## दिवस: कारगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के पराक्रम को याद किया

# कारगिल विजय दिवस पर चित्रकला, आर्ट एंड क्राफ्ट, पोस्टर डिजाइन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में भारत के वीर जवानों के अदम्य साहस एवं वीरता के प्रतीक कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भारत के वीर जवानों को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में कारगिल विजय दिवस पर भाषण प्रस्तुत कर स्कूल के संगीत ग्रुप द्वारा सुमधुर धुन के साथ देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किया गया।

प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा भारत के वीर जवानों को समर्पित एवं कारगिल विजय दिवस पर विभिन्न आर्ट एण्ड क्राफ्ट व ड्राईग बनाकर वीर जवनों को नमन किया गया। हाई स्कूल के कम्प्यूटर आईटी छात्र-छात्राओं द्वारा वीर जवानों के आकर्षक डिजिटल पोस्टर व केनवा डिजाइन बनाया गया। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत न झुका है, न झुकने देगे पर डॉस प्रस्तुत कर भारत के वीर जवानो की वीरता को प्रदर्शित किया। कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नरहरदेव में मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं पुर्वी निर्मलकर, भूमिका जयसवाल, सौम्या खापर्डे, तेजस्वी देवांगन, शर्मिष्ठा दास, गीतांजलि पटेल, तोयश जैन, आर्दश ठाकुर, शेख जसीम, यशवंत मण्डावी, अंश शर्मा, कोमेश मण्डावी, काव्यांश कोड़ोपी, निहाल सोरी, नौशिद्ध नेताम, आरव यादव, अंश साहू, विकास पटेल, नैतिक घोस, दक्ष ओकारे, जयंत यादव ने देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा के मार्गदर्शन तथा इस कार्यक्रम का संचालन स्कूल कोऑर्डिनेटर एवं आर्ट एवं क्राफ्ट के शिक्षक एश्वर्या साहू के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा एवं आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया याद



**चारामा।** भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल सीमा पर हुए युद्ध में भारत को मिली जीत पर प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अवसर पर नगर के भारत माता चौक में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यो द्वारा, पुलिस विभाग, समाज सेवी संस्था एंव नगरवासियो के साथ विजय दिवस मनाया गया। जहाँ भारत माता चौक पर सभी एकत्रित होकर भारत माता की प्रतिमा एवं इस युद्ध में शहीद हुए जवानो के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर उन्हे पुष्प व श्रद्धांजली अर्पित कर शहीद वीर जवानो को याद किया गया। नगर के समता रंग मंच में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सन 1971 में भारत पाक युद्ध और 1999 में कारगिल युद्ध लड़ने वाले कैप्टन जगमोहन साहु ने कारगिल युग की पूरी जानकारी दिया और अपने साथ ड्यूटी में तैनात मित्रो की शहादत को याद किया। इस दौरान उनकी आंखे नम हो गई। इस दोरान प्यारेलाल प्रजापति, रवि साहू, राजेश जैन, बालाराम जैन, राजू साहू, थनवार साहू, पुरुषोत्तम नागवंशी, नरेश गंगबेर, मोहन साहू, खेमराज साहू, थाना प्रभारी जितेंद्र साहू, भकेश्वर पटेल, उत्तम साहू, रानू कमलेश सेन, ओम प्रकाश साहू, प्रियेश सेन, डॉक्टर योगेन्द्र साहू, मुकेश शर्मा, राजेश देवांगन, आशीष गजबिए सहित नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

## कारगिल विजय दिवस पर ग्राम पटौद कार्यक्रम हुआ आयोजित



**कांकेर।** शासकीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल पटौद में कारगिल विजय दिवस का आयोजन मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों के द्वारा निबंध में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएस निषाद एवं व्याख्याता शिक्षिका शद्धा सेन के द्वारा कहा गया कि स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और जिसमें भारत विजय हुआ था। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान के लिए यह दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्ञानेश्वर नाग एवं द्वितीय स्थान में चुनिंदा वट्टी एवं तृतीय स्थान शिफाली जैन रही। मेरा युवा भारत कांकेर के वॉलिंटियर अनिल कुमार एवं अंकिता साहू के कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं कार्यक्रम में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## कारगिल विजय दिवस पर बच्चों को दी गई जानकारी



**कांकेर।** शहर के श्रीराम नगर में स्थिति मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। संस्था के संचालक ने कारगिल विजय दिवस के बारे में बताया कि किस प्रकार से हमारे भारतीय सैनिकों ने देश प्रेम, वीरता और बलिदान देकर विजय प्राप्त किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी के छात्र-छात्राओं भूपेश कुमार पटेल, रुद्र सिंह राजपूत, चिराग मरकाम, सूर्यांशु तेता, सिद्धि चंद्रोल, जानवी साहू के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दिया गया। इस दौरान स्कूल संचालक मनोज सिंह राजपूत, प्राचार्य नगीना खान, शिक्षिका लीना राजपूत, संभवी अत्री, रामकी पटेल, हिमेश्वरी धनकर, अनीता शोरी, शबाना खान, झरना जैन, प्रियंका सिन्हा, सादिया अंजुम एवं एकता यादव एवं सभी बच्चे उपस्थित रहें।

## आंदोलन और चक्का जाम में कांग्रेस कर रही भेदभाव : पाल



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेशअध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री का बेटा जेल गया तो पूरे छत्तीसगढ़ में चक्का जाम आंदोलन हुआ वहीं बस्तर के माटी पुत्र लखमा कवासी कोंटा विधायक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रायपुर जेल में बंद है। उनके लिए कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन चक्का जाम नहीं किया है। इस तरह के प्रयास को उन्होंने बस्तर के माटी पुत्र के साथ भेदभाव करना बताया है।

## रोहन घोष को मिला मीडिया प्रभारी का दायित्व



**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने रोहन घोष को अपना मीडिया प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रोहन घोष लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं उसके विभिन्न अनुसांगिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा,जगदलपुर नगर मंडल में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे आनुसांगिक संगठन में नगर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए,पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में निरंतर सक्रिय रहे हैं।

# मुख्य मार्ग पर मवेशियों के जमावड़े से हो रहे गंभीर हादसे, पर कार्रवाई नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के पीजी कॉलेज के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बने डिवाइडर के बगल में एक गाय मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि रात को किसी वाहन की चपेट में आने से गाय कि मौत हुई होगी। शहर कांकेर में इन दिनों लावारिस पशुओं की बढ़ती संख्या आमजन के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ताजा मामला 26 जुलाई को शासकीय भानुप्रतापदेव महाविद्यालय के सामने का है, जहां एक गाय सड़क किनारे मरी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाय की मौत सड़क हादसे में हुई है। शहर के मुख्य मार्ग में मवेशियों का जमावड़ा आम बात है। शहर से गुजरने वाले मुख्य रास्तों में दिन के समय में भी कई जगह मवेशियों का जमावड़ा दिखाई देते है जो हादसों को निमंत्रण देते है। रात को जब सामने की ओर तेज रोशनी वाली वाहन आती है तो विपरित दिशा से आने वाले छोटे वाहन चालको को इससे काफी परेशानी होती है। तेज रोशनी के कारण सड़क पर रहने वाले मवेशी दिखाई नही देते और गंभीर दुर्घटना घटीत हो जाती है। इस तरह की घटनाएं न सिर्फ नगर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा और स्वच्छता पर भी असर डालती हैं। अब देखना यह होगा कि संबंधित अधिकारी कब तक इस समस्या पर ध्यान देते हैं।

## स्तरीय वेट लिफ्टिंग के लिए राहुल का चयन



**चारामा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय चारामा के कक्षा 12वी का छात्र राहुल देवांगन ने शालेय स्तरीय कीडा प्रतियोगिता 2025-26 में 23 जुलाई को कोंडागांव में आयोजित संभाग स्तरीय वेट लिफ्टिंग 88 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर विद्यालय के प्राचार्य सीएस यादव, डीएल तिवारी, हेड मास्टर शैलेश नाग, धीरज सोनी पीटीआई, राम सूरज साहू पीटीआई एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

## सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत इस्पात नगर बांदे निवासी 71 वर्षीय सुधीर अतुल सरकार का सर्पदंश से 23 जुलाई की रात 10 बजें मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को साप ने काट लिया था, जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# रिसेवाड़ा में ट्रांसफॉर्मर के झुकने से हादसे की आशंका, शिकायत पर नहीं हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के मेन रोड में लगा बिजली ट्रांसफॉर्मर लगातार धीरे-धीरे झुकते जा रहा है। यह सिलसिला पिछले दो साल से जारी है और ग्रामीण इसकी लगातार शिकायत कर रहे हैं। आज तक इस पर कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अब उसके गिरने का खतरा मंडराने लगा है, जिससे तार आदि सड़क पर गिरने से राहगीर हादसे के शिकार हो सकते हैं। ग्रामीणों ने तत्काल सुधार की मांग की है। ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के पूर्व उपसरपंच सुरेश पटेल, चित्रसेन पटेल, राजेश पटेल, वीरेंद्र पटेल,रामचरण मंडावी, राहुल सिंहा, सोमनाथ दुग्गा, लोकेश दुग्गा, रमेश नेताम ने बताया कि छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल कार्यालय अमोड़ा को कई बार ट्रांसफॉर्मर एक साइड झुक जाने की जानकारी दी जा चुकी है, इसके साथ ही इसकी शिकायत भी की गई है। विभाग के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस ट्रांसफॉर्मर से कई किसानों को कनेक्शन दिया गया है। कनेक्शन के तार इनके खेतों से गए हैं। यदि ट्रांसफॉर्म गिर गया तो खेत में काम करने वाले ग्रामीण भी हादसे के शिकार हो सकते हैं। एक बार इस ट्रांसफॉर्म में आग भी लग चुकी है, जिससे व्यवस्था चरमरा गई थी। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के पोल बदलने की मांग किया है। इस संबंध में सुशासन त्यौहार में भी ज्ञापन सौपा गया है, फिर भी अभी तक सुधार नहीं किया गया है।

इस संबंध में उप संभाग सरोना के सहायक अभियंता आरएस प्रेमी ने बताया है कि रिसेवाड़ा स्थित ट्रांसफार्मर पोल झुकने की शिकायत मिली है। इस संबंध में ट्रांसफार्मर पोल व अन्य तकनीकी एस्टीमेट बनाकर भेजा गया था, जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। बहुत जल्दी ट्रांसफार्मर पोल बदल दिया जाएगा।

# अस्पताल में हुई बीसीएलएस व एसीएलएस कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में महारानी अस्पताल में शनिवार को बीसीएलएस और एसीएलएस जीवनरक्षक प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद के सहयोग से आयोजित किया गया। हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. कलाधर एस और उनके सहयोगी मैनेजर रवि यादव द्वारा गंभीर दुर्घटनाओं जैसे रोड एक्सीडेंट, करंट लगने, पानी में डूबने जैसी स्थिति में होने वाली अकाल मौत को रोकने के लिए तात्कालिक तौर पर किए जाने वाले प्रक्रिया को बेहद सरल और प्रभावशील तरीके से साझा किया गया। महारानी अस्पताल समेत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवारत चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और स्टाफ नर्सों को उक्त सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली अकाल मौत पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में भी उपस्थित सभी प्रतिभागियों को समझाया गया।

मानसून काल होने की वजह से बस्तर जैसे वनाच्छादित क्षेत्र में सर्पदंश से होने वाली अकाल मौतों पर भी लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से उन्हें प्राथमिक तौर पर दिए जाने वाले उपचार के बारे में भी उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं अधीक्षक सह सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के साथ महारानी अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख डॉ. वीके ध्रुव, डॉ. तृषा, शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. एसएन अग्रवाल, डॉ. गुप्ता, डॉ. ए राजा, डॉ. राज, डॉ. भंवर शर्मा, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, अस्पताल सलाहकार डॉ. नीरज ओझा के साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी से आए चिकित्सकगण और ग्रामीण चिकित्सा सहायक तथा बड़ी संख्या में क्रिटीकल केयर से जुड़े स्टाफ नर्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद रहे।

# जेसीआई ने पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शनिवार को जेसीआई टीम द्वारा धुरागांव ग्राम के विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 20 पौधों का रोपण किया गया तथा 100 से अधिक पौधों को निजी स्तर पर लगाने का संकल्प लिया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रशंसनीय पहल है।

इस कार्यक्रम में जेसीआइ टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। टीम का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी और सफल रहा, जिससे सभी उपस्थित जनों के लिए यह आयोजन एक यादगार अनुभव बन गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिए संस्था की ओर से बेंच दान करने का निर्णय भी लिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष प्रतीक चिखलीकर, सचिव गौरव डोडिया, उपाध्यक्ष (विकास) नितिन खत्री, प्रोग्राम डायरेक्टर भूपेश सोमानी,आकाश चांडक, गौतम पारेख, विशाल दुल्हनी, कुंदन चांडक,अभिषेक राव एवं अन्य जेसीआई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत सभी सदस्यों ने चित्रकूट भ्रमण कर इस आयोजन का समापन किया।

# छिंदबहार में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

26 जुलाई 1999 की भारतीय सेनाओं की शौर्य गाथा को याद करते हुए कार्यक्रम शुरूआत शहीद भगत और सिंह युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया।

सर्वप्रथम अखिलेश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं का हर अच्छा कार्य देश सेवा है। लुदर सन कश्यप ने अपनी वक्तव्य पर भारतीय सेना की वीरगाथा को बताते हुए युवाओं से देश सेवा हेतु तत्पर रहने को संदेश दिए। तुलादास मानिकपुरी ने सोफिया कुरैशी के शौर्य गाथा को बताते हुए उनके जैसे बनने हेतु प्रेरित किए। प्राचार्य बुधराम कश्यप जी ने कहा कि हमारा हर कार्य देश सेवा है। अतः हर कार्य को दिल से करें समय पर स्कूल आना पढ़ना भी देश सेवा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,100/-

रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025, 22 जनवरी से 28 जनवरी 2026 (7 दिन)

गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि- स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# बीटीओए ट्रक यूनियन की आम सभा विवादों के बीच हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



दंतेवाड़ा जिला की बैलाडीला की वादियों में वैसे तो मानसून में बारिश ने वातावरण को काफी सुन्दर व शिथिल कर रखा है पर बीटीओए बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन में शुक्रवार को विवादों के बीच संपन्न हुई आम सभा व वार्षिक चुनाव की घोषणा ने बैलाडीला की माहौल को गर्म कर रखा है। लौह अयस्क परिवहन इस क्षेत्र की एक बड़ी अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार का एक बड़ा स्त्रोत है। यह संस्था पूर्व में बस्तर परिवहन संघ जगदलपुर द्वारा संचालित की जाती थीं परंतु स्थानीय सदस्यों एवं ट्रकों की संख्या बढ़ जाने से 2011 से बस्तर परिवहन संघ जगदलपुर से अलग होकर एक क्षेत्रीय संस्था बनाई गई हैं, जिसे बीटीओए नाम दिया गया हैं। जिसमे पिछले कई वर्ष से वार्षिक चुनाव की प्रथा चल रही है, इससे पहले इस संस्था की संचालन रीढ़ की हड्डी कही जाने वाले सुपर कमेटी मतलब वरिष्ठ मनोनीत सदस्यों द्वारा की जाती थीं परंतु अब समय के साथ-साथ गाड़ियों की संख्या बढ़कर अनुमानित 1600 हो चुकी हैं एवं सदस्यों की संख्या भी बढ़ कर अनुमानित 1000 हो चुकी हैं। इन्ही सदस्यों द्वारा मतदान कर हर वर्ष संस्था की संचालन के लिए प्रतिनिधि चुनी जाती हैं। अब लोग

इस कुर्सी व पद की गरिमा को देखते हुए चुनावी माहौल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी-अपनी भाग्य आजमाने की होड़ में लगे हुए है और चुनाव में हिस्सा लेकर अपने नाम का सिक्का जमाना चाहते है।